केन्द्रीय सूचना आयोग
द्वितय तल, अगस्त क्रांति भवन
भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली – 110066.
******

दिनांक: 29.04.2016

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2016/144
संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2016/00143
CICOM/R/2016/00318

अपीलकर्ता : श्री अशोक कुमार ठाकुर,
32/43-ए, गली नं.10, भीकम सिंह कालोनी,
विश्वास नगर, शाहदरा, दिल्ली – 110032.

निर्णय की तारीख : 29.04.2016

| | |
|---|---|
| आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 01.03.2016 |
| आर.टी.आई. आवेदन के प्रतिउत्तर की तिथि | 10.03.2016, 30.03.2016 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी | श्री आर. एल. गुप्ता, श्री दिनेश कुमार |
| प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 16.03.2016 |
| आयोग में प्रथम अपील का डायरी सं. व तिथि | 122852/18.03.2016 |
| प्रथम अपीलीय अधिकारी के कार्यालय का डायरी सं. व तिथि | 163/21.03.2016 |

1. अपीलकर्ता ने आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से द्वितीय अपील फाइल सं. CIC/BS/A/2014/002821 की सुनवाई के संबंध में जानकारी मांगी है, जिसके प्रतिउत्तर में श्री आर.एल.गुप्ता व श्री दिनेश कुमार, जन सूचना अधिकारियों द्वारा प्रदान की गई सूचना से व्यथित होकर अपीलकर्ता ने द्वितीय अपील दाखिल की है ।

2. अपीलकर्ता से दूरभाष पर बात की गई तो उन्होंने बताया कि आर.टी.आई. आवेदन के प्रतिउत्तर में श्री आर. एल. गुप्ता व श्री दिनेश कुमार, जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रदान की गई सूचना उन्हें प्राप्त हो गई है और वे प्रदान की गई सूचना से संतुष्ट नहीं हैं । अपीलकर्ता को श्री दिनेश कुमार, उप-पंजीयक व जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रदान की गई सूचना का हवाला देते हुए उन्हें बताया गया कि संबंधित द्वितीय अपील वोडेक्स फार्मासिटिकल लि0 से सबंधित है जो कि एक निजी कंपनी प्रतीत होती है जो कि सूचना अधिकार अधिनियम के तहत नहीं आती है । इस पर अपीलकर्ता ने कहा कि प्रदान की गई सूचना से यह स्पष्ट नहीं होता कि उनका द्वितीय अपील अभी प्रक्रियाधीन है या खारिज कर दिया गया है । अतः श्री दिनेश कुमार, उप-पंजीयक व जन सूचना अधिकारी, सेन्ट्रल रजिस्ट्री, केन्द्रीय सूचना आयोग को निर्देश दिया जाता है कि इस आदेश की प्राप्ति के पांच कार्यदिवसों के अंदर अपीलकर्ता को उनके संबंधित द्वितीय अपील के बारे में स्पष्ट सूचना प्रदान की जाए ।

3. तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

4. प्रस्तुत संदर्भ में अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील, यदि कोई हो, आदेश प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, 'सी' विंग, अगस्त क्रांति भवन, भिकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110066 में की जा सकती है ।

अचला सिन्हा
(अचला सिन्हा)
अपर सचिव एवं
प्रथम अपीलीय अधिकारी

प्रतिलिपि :
1. जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।
2. श्री दिनेश कुमार, उप-पंजीयक व जन सूचना अधिकारी, सेन्ट्रल रजिस्ट्री, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।

4/5/16

C. I. C./के० सू० आ०
RECEIVED
03 MAY 2016
Initials.........

4/5/16

C. I. C./के० सू० आ०
ISSUED
04 MAY 2016
D No.........